# कार्यालय उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल
## दूरभाष– 0755–2551063

7/6/18

शा०के०मु०/(विविध–25)/2017–18/ 2142 भोपाल, दिनांक 6-6-18

## ई–निविदा सूचना विज्ञप्ति

आई0टी0 डिपार्टमेंट की वेबसाइट https://www.mpeproc.gov.in से उप नियंत्रक शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय भोपाल में स्थापित **प्रिटिंग मशीन क्रमशः प्रिंटवेल–1, प्रिंटवेल–2, मार्क–62, अशोक, एवं अजीत** की सर्विसिंग प्रदायकर्ता/इच्छुक फर्मो से मुद्रणालय में स्थापित मशीन की रिपेयरिंग हेतु दिनांक **22-6-2018** अपरान्ह 1:00 बजे तक की–डेटस अनुसार आनलाइन दरें आमंत्रित की जाती है।

2– निविदा का तकनीकी भाग दिनांक **23-6-2018** की अपरान्ह 3:00 बजे एवं आनलाईन कॉमर्शियल भाग दिनांक **23-6-2018** अपरान्ह 4:00 बजे तक की–डेट्स अनुसार सम्पूर्ण मुद्रणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

3. निविदा सूचना की शर्तें का अवलोकन विभाग की वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in पर देखा जा सकता है।

4. निविदा प्रपत्र राशि रूपये **250=00** (कर अतिरिक्त) प्रोसेसिंग फीस जमा कर www.mpeproc.gov.in से Online क्रय किया जा सकता है।

5. सूचना/संशोधन या सुधार की स्थिति में जानकारी आई.टी. की वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in पर उपलब्ध रहेगी।

**उप नियंत्रक**
**शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय,**
**भोपाल**

# Key Dates and Time

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading date: | 5:00 PM on 21-6-2018 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission online Bids | :1:00 PM on 22-6-2018 |
| 3. | Last date & time for submission of Hard Copy of technical Bids | :2:00 PM on 23-6-2018 |
| 4. | Date of Opening Technical Bids: | 3:00 PM on 23-6-2018 |
| 5. | Date of Opening Commercial Bids : | 4:00 PM on 23-6-2018 |

## निविदाकर्ता फर्मो द्वारा को निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

1– फर्म स्थापित होने के स्वरूप फर्म स्थापना का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।

2– निविदाकार/फर्म स्वामी के पेन कार्ड छायाप्रति।

3– जीएसटी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

4– संस्था द्वारा किए गए कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र (दो वर्षों का) – राज्य/केन्द्र शासन के मशीनों के सुधार कार्य के कार्य आदेश की प्रति।

5– संस्था द्वारा जमा किए गए टैक्स एकनालेजमेंट (विगत दो वर्षों का) – प्रमाणित प्रति।

6– निविदा निक्षेप राशि रूपये 10,000/–के रूप में एफ.डी.आर. उप नियत्रंक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय के नाम से तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

7– टेण्डर डिपाजिट राशि रूपये 500/– के रूप में डी.डी. उप नियत्रंक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय के नाम से तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

8– निविदा की शर्तो पर सहमति स्वरूप एवं पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर, निविदाकर्ता को करना अनिवार्य है।

9– इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा की निविदाकर्ता फर्म राज्य/केन्द्र शासन के किसी कार्यालय में प्रतिबंधित/ब्लैक लिस्टेट नहीं है।

**नोट :– डीडी एवं एफडीआर को छोडकर शेष उपरोक्त समस्त दस्तावेजों को फर्म द्वारा सत्यापित कर प्रति संलग्न किया जाना होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी।**

**उप नियत्रंक**
**शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय,**
**भोपाल**

## • सुरक्षा व्यवस्था कार्य के लिये नियम एवं शर्तें –

1. मुद्रणालय में स्थापित फोर कलर/ब्लैक एण्ड व्हाइट मशीनों में सुधार कार्य कराये जाना है।उक्त हेतु कम्पनी के इच्छुक सर्विसिंग प्रदायकर्ता फर्म द्वारा मुद्रंणालय में स्थापित मशीनों का निरीक्षण/जाच कर दरें दिनांक **21-6-2018** उपरांत आनलाइन दरें प्रस्तुत करना होगा।
2. मशीनो में सुधार कार्य किये जाने एवं इस कार्यालय द्वारा सुधारकार्य सें संतुष्टत होने की स्थिति में संबंधित फर्म द्वारा एक वर्ष की वारंटी दी जाना अनिवार्य होगा।

3. मुद्रणालय से मशीन में खराबी की सूचना प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर अनुबंधित फर्म के इंजीनियर्स को भेजना अनिवार्य होगा।

4. शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल (म॰प्र॰) में स्थापित प्रिंटवेल–1, प्रिंटवेल–2, मार्क 62, अशोक, अजीत, प्रिंटिंग एवं डेल्टा 664 फोर कलर मशीन को Overhaul करने एवं रिपेयरिंग करने के लिये आनलाइन दरे आमंत्रित हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

5. ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन के Overhaul" एवं रिपयेरिंग में निम्नलिखित कार्य सम्मिलित होंगे :–

6. इसके अतिरिक्त मशीन के Overhaul एवं रिपेयरिंग करते समय अन्य कोई रिपेयरिंग आवश्यक कार्य होगा वह भी इसमें सम्मिलित रहेगा।

7. समस्त या किसी एक निविदा/निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

8. मशीनों के Overhaul एवं रिपेयरिंग के पश्चात् संतोषजनक कार्य पूर्ण करने एवं मशीन को चालू करने पर दो माह के भीतर निविदा में समिति द्वारा अनुशंसित राशि का 90% भुगतान किया जा सकेगा।

9. तीन माह तक मशीन को संतोषजनक कार्य करने के पश्चात् शेष 10% राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

10. मशीनों में लगाए जाने वाले स्पेयर पार्टस की एक साल की गारंटी देनी होगी। एक साल के अंदर Spare Parts, Electrical Parts and Electronic Parts में कोई खराबी आती है तो कम्पनी को उसे बदलना होगा एवं मशीन को पुनः चालू करना होगा। इसके लिये उस Spare Parts, Electrical and Electronic Parts के लिये अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

11. निविदा मशीन के निर्माता कम्पनी, ऑफसेट मशीन के मेन्टनेन्स करने वाली कम्पनी अथवा ऐसे बड़े वर्कशॉप जिन्हें ऑफसेट मशीन रिपेयरिंग करने का कम से कम 5 वर्षो का

Spare Parts बनाने एवं Repairing करने का अनुभव हो वे ही निविदा में भाग ले सकते हैं।

12. निविदाकार को इस बात का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि उन्होंने पूर्व में शासकीय प्रेस/अर्द्ध शासकीय प्रेस/प्रायवेट प्रेस में किसी एक स्थापित Offset Machine का Overhaul/कम्पलीट मशीन का Repairing कार्य पूर्ण किया है।

13. एक वर्ष मशीन का कार्य संतोषजनक करने पर करारनामा के अनुसार उन्हें 10 प्रतिशत निविदा निक्षेप राशि एवं बैंक गारंटी/करारनामा राशि वापस की जा सकेगी।

14. मशीन के रिपेयरिंग के लिये खोलने के दिन से कितना समय रिपेयरिंग के लिये लगेगा इसके लिये समय निविदा में लिखा जाना आवश्यक है। कम्पनी/फर्म अपने लेटर हेड में निविदा दर लिखकर प्रस्तुत करें एवं नीचे हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करना होगा। मशीनों के निरीक्षण हेतु किसी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज देय नही होगा।

उप नियंत्रक
शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय,
भोपाल